# अतिक्रमण विरोधी मुहिम थमते ही फिर से अतिक्रमण शुरू

**खास बातें**

- शहर की सड़कों पर आये दिन लगता जाम
- अतिक्रमणकारी खुलेआम प्रशासन को दे रहे चुनौती
- शहर के सौंदर्यीकरण को लग रहा ग्रहण



नवभारत न्यूज

**सिरोंज 2 दिसम्बर, शहर में प्रशासन द्वारा शुरू की गई अतिक्रमण विरोधी मुहिम थमते ही अतिक्रमणकारियों ने फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है. प्रशासन द्वारा शहर में इस मुहिम को जोरशोर से शुरू किया गया था. शहर में प्रशासन द्वारा मुनादी कराने के साथ ही कुछ क्षेत्रों में अभियान चलाकर अतिक्रमण को हटाया भी गया. जिससे लोगों को शहर के अतिक्रमण मुक्त होने की उम्मीद जगी थी. लेकिन कुछ दिनों बाद यह मुहिम थमते ही अतिक्रमणकारियों ने फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है. हालांकि प्रशासन द्वारा जल्द ही एक बार फिर शहर के सभी हिस्सों में अतिक्रमण विरोधी मुहिम शुरू करने की बात कही जा रही है.**

शहर के कई प्रमुख मार्गो पर इन दिनों अतिक्रमण की भरमार है. जिससे जनता को परेशानी का सामना करना पड़ता है. शहर में लोग मनमर्जी से बेरोकटोक अतिक्रमण करते दिखाई देते हैं. बावजूद इसके इन अतिक्रमणकारियों पर कोई प्रभावी कार्यवाही हो पा रही है. जिससे इनके हौसले बढ़ते जा रहे हैं. विगत दिनों शहर में फैल रहे अतिक्रमण को लेकर जनप्रतिनिधियों द्वारा भी चिंता जताई जा चुकी है. जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया. तथा नगरपालिका द्वारा शहर में मुनादी कराकर अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई. वहीं नगरपालिका द्वारा शहर के कुछ हिस्सों में अतिक्रमण विरोधी मुहिम भी शुरू कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई. लेकिन यह मुहिम के थमते ही अतिक्रमण ने फिर से पैर पसारना शुरू कर दिया. शहर में कई बार पहले भी प्रशासन द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम चलाई जा चुकी थी. लेकिन सतत एवं प्रभावी कार्यवाही के अभाव में शहर अतिक्रमण मुक्त नहीं हो पा रहा है. शहर में अतिक्रमणकारियों द्वारा अतिक्रमण विरोधी मुहिम थमने के बाद एक बार फिर सड़कों पर अतिक्रमण करना शुरू कर दिया जाता है. जिससे मुहिम थमने के बाद चंद ही दिनों में शहर की हालत जस की तस हो जाती है. लोगों को कहना है कि फिर से अतिक्रमण करने वाले लोगों पर प्रभावी कार्यवाही होना चाहिए. जिससे एक ही जगह पर बार बार हो रहे अतिक्रमण को रोका जा सके. साथ ही प्रशासन को सतत निगरानी भी करना चाहिए.

### सड़कों पर सामान रखकर धड़ल्ले से हो रहा कारोबार

शहर की कई प्रमुख सड़कों पर दुकानदारों द्वारा कई फीट तक अतिक्रमण कर रखा है. शहर के प्रमुख मार्गों पर सड़क के दोनों किनारों पर दुकानदारों द्वारा अवैध रूप से बिल्डिंग मटेरियल सहित दुकानों का सामान रखकर खुलेआम बेचा जा रहा है. जिसके कारण इन सड़कों से निकलने वाले लोग दिनभर परेशान होते हैं. वहीं सड़कों के किनारे रखी रेत सड़क पर आने से वाहनों के भी दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका लगी रहती है. इसके बावजूद भी प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है. इसके अलावा खरीददारी करने वाले लोग सड़कों पर वाहन खड़े कर चले जाते हैं. जिसके कारण दिन में बार-बार जाम की स्थिति बनती है. शहर के कई प्रमुख मार्गों पर इन दिनों सड़कों के किनारे विक्रय के लिए बिल्डिंग मटेरियल एवं अन्य सामग्री के ढेर लगे दिखाई देते हैं. बावजूद इसके सड़क पर सामग्री रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है. जिसके कारण लोग काफी परेशान हो रहे हैं.

### अतिक्रमण से सड़क हो रही संकरी

शहर में अतिक्रमण की हालत यह है कि शहर की 20 से 25 फिट चौड़ी सड़क पर भी अतिक्रमण के कारण आवागमन के लिए मात्र 10 से 12 फीट मार्ग बचता है. जिससे वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग काफी सकरा हो जाता है. जिससे शहर में आये दिन जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है. शहर में सतत एवं प्रभावी कार्यवाही की अभाव में अतिक्रमणकारियों के हौसले काफी बुलंद है. वही जिम्मेदारों द्वारा भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है. हालत यह है कि शहर के कई प्रमुख मार्गों पर आये दिन लोगों को जाम की समस्या का सामना करना पड़ता है. जनता जाम से त्रस्त है, फिर भी जिम्मेदार मूकदर्शक बने दिखाई देते है.

### इनका कहना है

इस संबंध में मुख्य नगरपालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू का कहना है कि फिलहाल एसआईआर के कार्य में कर्मचारियों की ड्यूटी लगे होने से अतिक्रमण मुहिम प्रभावित हुई है. शहर के सभी हिस्सों में जल्द ही फिर से मुहिम चलाकर अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही की जावेगी. नगरपालिका द्वारा शहर में अतिक्रमण ना करने को लेकर लगातार मुनादी कराई जा रही हैं.

## एक नजर में

### शौर्य दिवस पर वाहन रैली 7 दिसंबर को

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** बजरंग दल के तत्वाधान में शौर्य दिवस के उपलक्ष्य में 7 दिसंबर को एक वाहन रैली निकाली जावेगी. उक्त जानकारी देते हुए राकेश सक्सेना ने बताया यह रैली 7 दिसंबर को प्रात: 10 बजे कुरवाई रोड छत्री नाका से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गो से होकर निकलेगी. विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं में समाजजनों से इस रैली में सम्मिलित होने का आग्रह किया है.

### कुशवाह समाज ने की घटना की निष्पक्ष जांच की मांग

नवभारत न्यूज

**सिरोंज,** कुशवाह समाज ब्लॉक सिरोंज ने मंगलवार को तहसील पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने विगत दिनों विदिशा जिले के गुलाबगंज में कुशवाह समाज के एक परिवार के साथ हुई घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्यवाही किये जाने की मांग की. इस दौरान कुशवाह समाज जिलाध्यक्ष राकेश कुशवाह, तहसील अध्यक्ष भूरा कुशवाह, मुन्नालाल कुशवाह, इंद्र सिंह कुशवाह, मलखान, महेश, अमर सिंह, गुलाब सिंह, कन्छेदीलाल, राकेश, मुन्नलाल, सुरेंद्र, दौलत सिंह, भूरा, अजब सिंह, रामबाबू कुशवाह सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे.

## ओलम्पस हाई के चित्रांश और जेशन राज्यस्तरीय विद्यार्थी विज्ञान मंथन कैंप के लिये चयनित

नवभारत न्यूज

**विदिशा, विजनन भारती, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद्, संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार व राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा आयोजित विद्यार्थी विज्ञान मंथन के द्वतीय चरण की परीक्षा में ओलम्पस हाई के विद्यार्थियों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया.**



अकादमिक डायरेक्टर प्राची रघुवंशी ने जानकारी दी कि कक्षा 6 के छात्र चित्रांश कुमार अहिरवार और कक्षा 7 के जेशन लश्करी द्वारा इस परीक्षा में सफलता हांसिल कर राज्य स्तरीय कैंप में अपनी जगह बनाई जिसके तहत वे नेशनल में जाने की तैयारी करेंगे. मध्यप्रदेश के 16 जिलों जिनमें भोपाल, विदिशा, अशोकनगर, ग्वालियर, शिवपुरी आदि से बने प्रान्त में कक्षावार टॉप 25 छात्रों में शामिल होना दोनों ही विद्यार्थियों और विद्यालय परिवार के लिए बड़ी उपलब्धि है. बच्चों की इस सफलता पर स्कूल प्राचार्या प्रियंका सिंह एवं संचालक मोहित रघुवंशी ने उन्हें बधाई व राज्य स्तरीय कैंप के लिए शुभकामनाएं दीं.

## विधायक का एसआईआर जागरुक अभियान निरंतर जारी

नवभारत न्यूज

**विदिशा, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता पुन: निरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता संशोधन सूची कार्यक्रम के तहत विधायक मुकेश टंडन निरन्तर जागरूक अभियान चला रहे हैं.उसी क्रम में मंगलवार को वार्ड 11 और 12 में डंडापुरा, सिंधी कॉलोनी, पटेल गार्डन बैलन चाकोटी वाली गली के आसपास के क्षेत्रों में जनसंपर्क किया गया एवं जनसम्पर्क दौरान वार्ड वासियों ने अपनी समस्याओं से अवगत कराया.**



जिस पर विधायक मुकेश टंडन ने अतिशीघ्र समस्याओ को हल करने का आश्वासन दिया. कहा निर्वाचन आयोग ने तारीख 5 दिसंबर से बढ़ा कर 11 दिसंबर कर दी हैं जिससे जिन लोगों के फॉर्म जमा नहीं हुए हैं वो भी अपने फार्म जमा कर सके इसलिए आप सभी से निवेदन है कि सभी वार्डवासी जिनके फॉर्म रह गए हैं वह अतिशीघ्र स्ढ्ढक्रफॉर्म जमा कर दें. कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, बेस मंडल अध्यक्ष दिनेश कुशवाहा, पार्षद प्रतिनिधि हिमांशु राजोरिया, लियाकत खान कल्लू भाई, राजू शर्मा, तीरथ सिंह कुशवाहा, सुधीर जैन दरबार, राजेंद्र रघुवंशी, सहित अनेक कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## कम से कम 12 कोच पुन : हों चालू

**जिला पंचायत अध्यक्ष ने रेलमंत्री को पत्र लिख की मांग**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** भोपाल-बीना रेलखंड पर संचालित मेमू एवं पैसेंजर ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ और कम कोचों के कारण प्रतिदिन हजारों यात्रियों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. विदिशा, गुलाबगंज, गंजबासौदा सहित प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों को दरवाजों पर लटककर, पायदान पर खड़े होकर तथा चलती ट्रेन में चढ़ने उतरने जैसी जोखिमपूर्ण स्थितियों में यात्रा करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है.

इस गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता कैलाश रघुवंशी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है.उन्होंने मांग की है कि मेमू ट्रेनों में कम से कम 12 कोच वाली रेक पुन: संचालित की जाए. नई रेक उपलब्ध होने तक अस्थायी रूप से अतिरिक्त कोच जोड़े जाए. ताकि यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके.जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि भोपाल-बीना रेलखंड औद्योगिक, शैक्षणिक और व्यावसायिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है और इस रूट पर यात्रा करने वाले छात्र, कर्मचारी व आम नागरिक सुरक्षित एवं सम्मानजनक यात्रा के अधिकारी हैं. उन्होंने आशा व्यक्त की है कि रेल मंत्रालय शीघ्र निर्णय लेकर यात्रियों को राहत प्रदान करेगा.

## मां नर्मदा की परिक्रमा कर वापस लौटे, हुआ स्वागत

**18 दिन में किए कई धार्मिक स्थलों के दर्शन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** अहमदपुर चुंगीनाका से यात्रियों का जत्था मां नर्मदा की परिक्रमा करने के लिए गया हुआ था जिनकी वापसी मंगलवार को हुई. यह धार्मिक यात्रा 16 नंबवर को शुरू हुई थी इस यात्रा में मुन्नी बाई अहिरवार, मुन्नी देवी दीपक भावसार और कल्याण सिंह रघुवंशी समेत कई यात्री शामिल हुए थे. मंगलवार को जब इस यात्रा का समापन हुआ जो सभी तीर्थ यात्रियों को जोरदार तरीके से स्वागत किया गया. दीपक भावसार ने बताया कि इस यात्रा में बस द्वारा ओमकालेश्वर से शुरू होती है जो महाराष्ट्र, गुजरात और मध्यप्रदेश के कई जिलों से होती हुई नर्मदा की परिक्रमा पूरी करती है.जहां बस से करीब 16 दिन का समय लगता है तो पैदल यात्रा करने में 1 से डेढ़ माह का समय लगता है. इस यात्रा के दौरान अमरकंटक, सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन कराए जाते हैं.बताया गया कि यात्रा के दौरान तीर्थ यात्रियों को रास्ते में जितने भी मंदिर मिलते वहां सिर्फ दर्शन ही नहीं कराए जाते बल्कि वहां पर होने वाली आरती में भी शामिल कर पूजा अर्चना भी कराई जाती है.मंदिरों में पूजा कराने के लिए एक पुजारी भी साथ थे.



## मांगों को लेकर भीम आर्मी भारत एकता मिशन ने दिया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिरोंज, भीम आर्मी भारत एकता मिशन सिरोंज इकाई द्वारा सोमवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा. जिसमें उन्होंने प्रदेश में सामाजिक सौहार्द, न्याय एवं महिला सुरक्षा से संबंधित हाल की घटनाओं पर ठोस कार्यवाही की मांग की. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में विगत कुछ दिनों में कई घटनाएँ ऐसी हुई हैं, जिन्होंने समाज में असंतोष, भय का माहौल है.**

इन घटनाओं पर शीघ्र और न्याय संगत कार्यवाही किया जाना आवश्यक है. उन्होंने कहा कि अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष आईएएस संतोष वर्मा द्वारा एक शैक्षणिक कार्यक्रम में दिया गये वक्तव्य को कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके उद्बोधन को गलत अर्थों में प्रस्तुत कर समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास किया है. यह कार्य निंदनीय है. वही महात्मा ज्योतिबा फुले जैसे महान समाज सुधारक पर अभद्र एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले व्यक्तियों पर तत्काल मुकदमा दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए. ऐसे बयानों से समाज में नफरत और विभाजन को बढ़ावा मिलता है. गुलाबगंज थाना क्षेत्र में एक परिवार पर सामूहिक हमला हुआ. जिसमें महिलाओं सहित कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए. यह घटना प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े करती हैं. दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी, पीड़ितों की सुरक्षा एवं उचित मुआवजा की मांग की. उन्होंने कहा कि भोपाल की युवा मॉडल खुशबू की संदिग्ध मौत ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है. परिवार द्वारा लगाये गये आरोप गंभीर हैं. इस प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की. उन्होंने आईएएस संतोष वर्मा के वक्तव्य को तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत करने वालों पर विधिसंगत कार्यवाही करने, समाज में नफरत या भेदभाव फैलाने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्था पर सख्त नियंत्रण रखने, हमले के पीड़ित परिवारों को सुरक्षा, उपचार व आर्थिक सहायता तत्काल प्रदान करने, खुशबू अहिरवार प्रकरण की विशेष जांच टीम गठित कर शीघ्र न्याय सुनिश्चित कराने, सामाजिक सौहार्द और संवैधानिक मूल्यों की रक्षा हेतु प्रदेशव्यापी जनजागरण एवं शांति अभियान प्रारंभ करने की मांग की. इस अवसर पर अक्षय अहिरवार, अक्षय सूर्यवंशी, निर्मल प्रभाकर, अभिषेक अहिरवार, जानकी अहिरवार, सुरेंद्र अहिरवार आदि उपस्थित रहे.




- शव वाहन / फ्रीज़र
- ब्लड ग्रुप लिस्ट
- मरीज इलाज उपकरण
- पुराने लेकिन पहनने योग्य वस्त्र
- देहदान नेत्रदान संकल्प के लिए

**नि:शुल्क सेवा**

शेरपुरा विदिशा में विकास पचौरी फोटो स्टूडियो के बगल में स्थित सुनो रेडियो स्टेशन पर संपर्क करें.

**मोबाइल में बजता है**

विकास पचौरी फाउण्डेशन द्वारा प्रसारित



सुनो रेडियो

84 35 250 250

प्ले स्टोर/एप स्टोर से डाउनलोड करके आनंद लीजिए


## बॉलबेडमिंटन एवं सॉफ्टबाल में सैण्ट एसआरएस के छात्रों को मिला प्रथम पुरस्कार

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्थानीय सैण्ट एसआरएस पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल के होनहार खिलाड़ियों ने मण्डीदीप एवं छतरपुर में आयोजित 69 वीं राज्य स्तरीय बॉलबेडमिंटन एवं सॉफ्टबाल प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और प्रथम स्थान प्राप्त किया. संस्था परिवार के द्वारा दोनों छात्रों का संस्था में अभिनंदन किया गया. खेल अधिकारी कपिल गौर एवं कोच गजेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि संस्था के छात्र राज शिवहरे ने बाल बेडमिंटन प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया है. इसी तरह सॉफ्टबाल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिगर दुबे ने भी प्रथम स्थान प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित किया है.संस्था के दोनों छात्रों को संस्था के डायरेक्टर के.एस. यादव, मैनेजिंग डायरेक्टर श्रीमती सुधा यादव, प्राचार्य उमेश चंद्र यादव, प्रभारी प्राचार्य रजनी गुप्ता, कोऑर्डिनेटर प्रियंका अग्रवाल,एन एस एस प्रभारी के पी एस चौहान, सुपार्श जैन, आकाश साहू, विक्रांत सोनी ने बधाई दी.



## अभिभाषक संघ चुनाव की गतिविधियां तेज

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** अभिभाषक संघ की चुनावी प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात अध्यक्ष तथा अन्य पदों के लिए खड़े उम्मीदवार जनसंपर्क में लग गए हैं.चुनाव अभिभाषक संघ कार्यालय में संपन्न कराए जाएंगे.


**देव दर्शन**



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि
डॉ. आशीष मानोरिया, श्वेता मानोरिया के पूज्य पिताजी
डॉ. अभय मानोरिया के बड़े भाई एवं
डॉ. मनीष, इंजी. नीरज, रीतेश मानोरिया के चाचाजी
विदिशा के वरिष्ठ पत्रकार

**इंजी. अशोक मानोरिया**

का देह परिवर्तन दिनांक 01.12.2025, सोमवार को हो गया है।
अत: उनके परिजनों को

**देवदर्शन**

दिनांक 03.12.2025, बुधवार को प्रात: 10 बजे
निज निवास, 91, इंदिरा कॉम्प्लेक्स, विदिशा से
श्री 1008 पार्श्वनाथ जिनालय, रामद्वारा, विदिशा में कराया जायेगा।
तत्पश्चात् प्रात: 10.30 बजे श्रद्धांजलि सभा निज निवास पर होगी।

शोक संतप्त :
**मानोरिया परिवार, विदिशा**


**मेला** | गर्म कपड़ों, बर्तनों और खिलौनों की दुकानों पर रौनक, भीड़ बढ़ने से मुख्य चौराहा देर रात तक रहा व्यस्त

## वार्षिकोत्सव के बाद बाजार में उमड़ी भीड़, खूब हुई खरीदी

नवभारत न्यूज

**सांची,हाल ही में सम्पन्न हुए बौद्ध वार्षिकोत्सव के बाद भी नगर में लगी अस्थायी दुकानों की रौनक कम नहीं हुई है. गर्म कपड़ों, बर्तनों, खिलौनों और रोजमर्रा की आवश्यक सामग्री से सजी दुकानें अब भी नगरवासियों और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की पहली पसंद बनी हुई हैं.**



दिनभर इन दुकानों पर नियमित खरीदारी होती रहती है, वहीं शाम ढलते ही विशेषकर महिलाओं की भीड़ अचानक बढ़ जाती है.बाजार का दृश्य देर रात तक ऐसा प्रतीत होता है मानो किसी त्योहार का उत्सव अभी भी जारी हो.लोग अपनी आवश्यकताएँ पूरी करने में मशगूल हैं, वहीं दुकानदारों का कहना है कि वार्षिकोत्सव के बाद भी बिक्री में अच्छी तेजी बनी हुई है. कपड़ों की दुकानों पर गर्म वस्त्रों की मांग विशेष रूप से दिखाई दे रही है.भीड़ बढ़ने से मुख्य चौराहा काफी व्यस्त हो गया है, जिससे वाहनों की आवाजाही पर भी प्रभाव पड़ रहा है और लोगों को जाम जैसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है.वार्षिकोत्सव भले खत्म हो गया हो, लेकिन बाजार की रौनक अभी भी अपने चरम पर है.